Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request government for the development the mythological place of Raja Bharthari, Alwar.

श्री बालक नाथ (अलवर): सभापति महोदय, धन्यवाद । अलवर क्षेत्र में महाराजा भर्तहरि जी का एक पौराणिक स्थान है, जो कि भारत में सबसे बड़ा पौराणिक स्थान है और उनकी तपस्थली है । राजा भर्तहरि जी का एक पौराणिक स्थान अलवर के वन्य क्षेत्र के अंदर आता है । वहां का सम्पूर्ण विकास वन्य क्षेत्र के कानूनों के कारण नहीं हो पाता है । मेरा सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि राजा भर्तहरि जी के पौराणिक स्थान का पौराणिक पद्धति से सम्पूर्ण विकास हो । वहां पर श्रद्धालु लाखों की संख्या में पूरे देश से आते हैं और पूरे देश के लोग उसको अपनी आस्था का केन्द्र मानते हैं । उस स्थान का पौराणिक पद्धति के अनुसार डेवलपमेंट हो, वहां शौचालयों का निर्माण हो, वहां यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था हो । इसके साथ-साथ उस स्थान के रास्ते का, जो कि पूरा रास्ता वन्य क्षेत्र के अंदर से है, जिसको फॉरेस्ट मंत्रालय की ओर से बनाना और रिपेयरिंग करना बंद है । मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि वहां पर कोई एलिवेटिड या किसी भी प्रकार से उस सड़क को दोबारा बनाने का काम किया जाए । वह अलवर से जयपुर जाने का सबसे सुगम और सबसे नजदीकी रास्ता कहा जाता है । आपके माध्यम से मेरा इतना ही निवेदन है कि उस पौराणिक स्थान का जीर्णोद्वार कर उसे स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए ।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Balak Nath.